दिन– गुरुवार दिनांक– 29 / 05 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज दो दिवसीय दौरे पर बिहार आ रहे हैं। पटना एयरपोर्ट के नये टर्मिनल का करेंगे उद्‌घाटन। श्री मोदी का रोड शो का भी है कार्यक्रम।

02. केंद्र सरकार ने राज्य के बीस जिलों में सड़क और पुल निर्माण से जुड़ी लगभग तीन सौ अड़सठ करोड़ रूपये की योजनाओं को मंजूरी दी।

03. राज्य सरकार ने मनरेगा में गड़बड़ी करने वाले ग्यारह कर्मियों को बर्खास्त किया। जिला और प्रखंड स्तर के एक सौ इक्कीस कर्मियों से मांगा गया स्पष्टीकरण।

04. और, मौसम विभाग ने अगले तीन दिनों तक राज्य के उत्तरी और पूर्वी हिस्सों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया। आज किशनगंज, कटिहार, भागलपुर और बांका में कुछ स्थानों पर भारी बारिश की चेतावनी।

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज शाम दो दिवसीय बिहार दौरे पर पटना आ रहे हैं। ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद प्रधानमंत्री का यह बिहार का पहला दौरा है। हमारे संवाददाता ने बताया कि प्रधानमंत्री अपने दौरे के क्रम में पटना और रोहतास के बिक्रमगंज में बावन हजार करोड़ रूपये से अधिक की विकास योजनाओं की सौगात देंगे। श्री मोदी बिक्रमगंज में एक जनसभा को भी संबोधित करेंगे। एक रिपोर्ट–

–––बाईट–––

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज शाम बिहार दौरे पर पहुंचने के बाद पटना के जय प्रकाश नारायण हवाई अड्डे के नवनिर्मित यात्री टर्मिनल का उद्‌घाटन करेंगे। 65000 वर्ग मीटर क्षेत्र में इसके विस्तार से हवाई यात्रियों को काफी सुविधा होगी। श्री मोदी पटना जिले में ही बन रहे दूसरे बड़े हवाई अड्डे बिहटा एयरपोर्ट के सिविल एन्क्लेव के निर्माण कार्य की भी शुरुआत करेंगे। इसे पटना के वर्तमान हवाई अड्डे से काफी अधिक क्षमता वाला बनाने का लक्ष्य रखा गया है। उद्‌घाटन समारोह के बाद प्रधानमंत्री पटना में एक भव्य रोड शो करेंगे, जो पटना हवाई अड्डे से शुरू होगा और भाजपा मुख्यालय, पटना में समाप्त होगा। करीब छह किलोमीटर के रोड शो में 32 स्थानों पर प्रधानमंत्री का अभिनंदन किया जाएगा। प्रधानमंत्री के कार्यक्रम और रोड शो के मद्देनजर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं। धर्मेंद्र कुमार राय आकाशवाणी समाचार पटना।

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पटना में कार्यक्रम को लेकर यातायात व्यवस्था में परिवर्तन किया गया है। यातायात पुलिस अधीक्षक अपराजित लोहान ने बताया कि आज शाम चार बजे से रात आठ बजे तक बेलीरोड पर आम वाहनों का परिचालन बंद रहेगा।

–––बाइट–––

---

आतंकवाद के खिलाफ भारत के कूटनीतिक प्रयासों के तहत भाजपा सांसद रवि शंकर प्रसाद के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने इटली के रोम में विदेश कार्य और रक्षा समिति के अध्यक्ष स्टेफानिया क्राक्सी के साथ बैठक की। संवाददाताओ से बातचीत में श्री प्रसाद ने कहा कि भारत की विचारधारा को लेकर वहां समानता दिखी। इटली ने वैश्विक आतंकवाद को कैंसर करार दिया। इधर, जदयू सांसद संजय झा के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने इंडोनेशिया के उप विदेश मंत्री और आसियान के महासचिव से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने उन्हें पहलगाम आतंकी हमले की जानकारी दी।

---

केंद्र सरकार ने पूर्वी चंपारण, पश्चिमी चम्पारण, बांका और पटना सहित राज्य के बीस जिलों में सड़क और पुल निर्माण से जुड़ी लगभग तीन सौ अड़सठ करोड़ रूपये की योजनाओं की मंजूरी दी है। उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने बताया कि इन योजनाओं की डीपीआर भी मंजूर हो गई है। उन्होंने बताया कि इन योजनाओं पर बिहार सरकार लगभग एक सौ चौवन करोड़ रूपये खर्च करेगी।

---

पटना के शेरपुर और दिघवारा के बीच बन रहा छह लेन गंगा पुल बिहटा सरमेरा पथ से भी जुड़ेगा। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने निर्माणाधीन पुल का निरीक्षण करने के दौरान ये घोषणा की।

---

राज्य से अब मछली का निर्यात किया जायेगा। इसके लिए पशुपालन विभाग ने निर्यात केंद्रित इकाई के गठन का निर्णय लिया है। विभाग की अपर मुख्य सचिव डॉक्टर एन विजयलक्ष्मी ने समीक्षा बैठक के दौरान इसके लिए ठोस कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए। बिहार देश में मछली उत्पादन के मामले में चौथे स्थान पर है।

---

ग्रामीण विकास विभाग ने मनरेगा में गड़बड़ी करने वाले ग्यारह कर्मियों को बर्खास्त कर दिया है। साथ ही उनसे ग्यारह लाख अठहत्तर हजार रूपये से अधिक की राशि वसूली गयी। इन सभी पर बिना काम के पैसा निकालने और योजनाओं के कार्यान्वयन में लापरवाही बरतने का आरोप था। विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिला और प्रखंड स्तर के एक सौ इक्कीस कर्मियों से स्पष्टीकरण की मांग की गयी है। इसके अलावा तीन मामलों में प्राथमिकी भी दर्ज करायी गयी है।

---

राज्य में छब्बीस मई से शुरू हुए विशेष अभियान में दस लाख से अधिक आयुष्मान कार्ड बनाये गये हैं। यह अभियान तीस मई तक चलेगा। इसके तहत सभी पंचायतों में कैंप भी लगाये जा रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग ने कहा है कि इस अभियान के तहत राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत आने वाले राशन कार्डधारी परिवारों का आयुष्मान कार्ड और सत्तर वर्ष या उससे अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों का आयुष्मान वय वंदना कार्ड बन रहा है।

---

राज्य में चल रहे महिला संवाद कार्यक्रम में महिलाओं से अब तक नौ लाख छियालीस हजार से अधिक अलग–अलग तरह के सुझाव प्राप्त हुए हैं। ग्रामीण विकास विभाग 'महिला संवाद एप' नाम से विकसित ऑनलाइन प्रणाली के तहत सभी सुझावों को अपलोड कर रहा है। सुझावों पर अमल करने के लिए विभागीय सचिव लोकेश कुमार सिंह की अध्यक्षता में कल पटना में एक बैठक आयोजित की गयी। बैठक में उन्होंने अधिकारियों को महिला संवाद के दौरान प्राप्त सुझावों के साथ ही समस्याओं का शीघ्र समाधान सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

---

प्रदेश की ग्राम पंचायतों में लग रही सोलर स्ट्रीट लाइट के रखरखाव के लिए प्रत्येक दस हजार स्ट्रीट लाइट पर एजेंसी एक सर्विस स्टेशन स्थापित करेगा। पंचायती राज विभाग के सचिव मनोज कुमार की अध्यक्षता में हुई बैठक में यह निर्णय लिया गया।

---

मधुबनी जिले के हरलाखी थाना क्षेत्र अन्तर्गत जटही–पिपरौन बॉर्डर पर कल देर शाम नो मेंस लैंड की वीडियोग्राफी करते चीन के दो नागरिकों को एसएसबी ने गिरफ्तार किया है। पिपरौन एसएसबी के इंचार्ज इंस्पेक्टर सुनील दत्त ने बताया कि दोनों के पास न तो पासपोर्ट है और न ही वीजा है। आईबी और अन्य सुरक्षा एजेंसियों के अधिकारी जांच के लिए पहुंच गए हैं। दोनों से पूछताछ की जा रही है।

---

मौसम विभाग ने अगले तीन दिनों तक राज्य के उत्तरी और पूर्वी हिस्सों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। विभाग ने आज किशनगंज, कटिहार, भागलपुर और बांका में कुछ स्थानों पर तेज हवा के साथ भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। इस दौरान वज्रपात की भी आशंका है।

–––बाईट–––

विभाग ने कल किशनगंज, कटिहार, भागलपुर और बांका जिले में कुछ स्थानों पर अत्यंत भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। वहीं, सुपौल, सहरसा, मधेपुरा, खगड़िया, भागलपुर, जमुई और बांका में भी भारी बारिश के आसार हैं। इस दौरान वज्रपात और चालीस से पचास किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से तेज हवा चलने की संभावना है। वहीं, इकतीस मई को किशनगंज, अररिया, सुपौल, सहरसा, मधेपुरा, पूर्णिया और कटिहार जिले के कुछ हिस्सों में गरज के साथ भारी बारिश तथा तीस से चालीस किलोमीटर प्रतिघंटा की गति से तेज हवा चल सकती है। इधर, दक्षिण बिहार के अधिकांश स्थानों पर उमस भरी गर्मी से जनजीवन प्रभावित हुआ है।

---

ईद उल अजहा का चांद कल बिहार समेत देश के लगभग सभी हिस्सों में देखा गया। इसका ऐलान इमारत–ए–शरिया फुलवारीशरीफ और खानकाह–ए–मुजीबिया फुलवारीशरीफ समेत कई मुस्लिम इदारों ने किया है। ईद–उल–अजहा यानी बकरीद सात जून को मनाई जाएगी।

---

राज्य में कोरोना के बढ़ते मामलों को देखते हुये सतर्कता बढ़ा दी गयी है। पटना स्थित एनएमसीएच और आईजीआईएमएस में कोरोना की जांच शुरू कर दी गई है। सिविल सर्जन डॉक्टर अविनाश कुमार सिंह ने बताया कि पटना में अब तक कोविड संक्रमण के नौ मामले सामने आये हैं। इनमें से तीन मरीज पूरी तरह से ठीक हैं। वहीं, तीन का इलाज एम्स में जबकि तीन अन्य होम आईसोलेशन में हैं। उन्होंने बताया कि जिन मरीजों में कोविड की पुष्टि हुई है उनमें से किसी की भी यात्रा का इतिहास नहीं था।

---

बिहार तकनीकी सेवा आयोग ने महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता, एएनएम का परिणाम जारी कर दिया है। दस हजार सात सौ नौ रिक्तियों के विरूद्ध सात हजार पांच सौ छियासी उम्मीदवार सफल घोषित किये गये हैं। तीन हजार तेईस पद रिक्त रह गये हैं।

---

बिहार एसटीएफ की विशेष टीम दिल्ली–मुंबई एक्सप्रेसवे पर मध्य प्रदेश के रतलाम में सड़क हादसे का शिकार हो गयी। इस हादसे में दारोगा मुकुंद मुरारी और सिपाही विकास कुमार की मौके पर मौत हो गयी जबकि चार जवान घायल हो गये। एसटीएफ की टीम वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए चार पहिया वाहन से सूरत जा रही थी।

---

नालंदा जिले के बिहार थाना क्षेत्र के बैगनाबाद मोहल्ले में पुलिस ने छापेमारी कर एक जमीन कारोबारी को विदेशी हथियारों और नौ सौ सड़सठ कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है।

---

बक्सर जिले के राजपुर थाना क्षेत्र के चौसा–कोचस मुख्य मार्ग पर तेज रफ्तार डंपर की चपेट में आने से ऑटो रिक्शा सवार दो लोगों की मौत हो गयी।

---

समस्तीपुर व्यवहार न्यायालय परिसर से पुलिस को चकमा देकर फरार हुये पांच अपराधियों में से एक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

---

अररिया नगर थाना क्षेत्र के मिर्जभाग स्थित एक घर में पुलिस ने छापेमारी कर लगभग चार हजार बोतल शराब के साथ एक दम्पत्ति को गिरफ्तार किया है।

---

पटना में बिहार शतरंज संघ की ओर से आयोजित बिहार राज्य महिला फिडे रेटिंग शतरंज प्रतियोगिता में मुजफ्फरपुर की मरियम फातिमा चैंपियन बनी है। वहीं, पटना की अंकिता राज उपविजेता रहीं।

---

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बिहार आगमन से जुड़ी खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान लिखता है– प्रधानमंत्री पटना में आज रोड शो करेंगे। बिहार को देंगे पचास हजार करोड़ की सौगात।

दैनिक जागरण की सुर्खी है– केन्द्रीय कैबिनेट का निर्णय– धान समेत अन्य फसलों पर किसानों को लागत से पचास प्रतिशत ज्यादा एमएसपी।

प्रभात खबर ने लिखा है– समय से पहले ओडिशा पहुंचा मॉनसून, देश के सत्रह राज्य हुये कवर।

दैनिक भास्कर ने अपनी विशेष रिपोर्ट में लिखा है– आठ सौ में बन रहा बिहार का स्थायी निवास प्रमाण पत्र, वाट्सएप पर ही पूरा खेल।

राष्ट्रीय सहारा के शब्द हैं– पटना के बानवे निजी अस्पतालों में होगा कोरोना का इलाज, बिना अनुमति उपचार पर होगी कार्रवाई।

आज अखबार लिखता है– बिहार के सत्रह साल के रामजी ने हैक की नासा की वेबसाईट।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज दो दिवसीय दौरे पर बिहार आ रहे हैं। पटना एयरपोर्ट के नये टर्मिनल का करेंगे उद्‌घाटन। श्री मोदी का रोड शो का भी है कार्यक्रम।

02. केंद्र सरकार ने राज्य के बीस जिलों में सड़क और पुल निर्माण से जुड़ी लगभग तीन सौ अड़सठ करोड़ रूपये की योजनाओं को मंजूरी दी।

03. राज्य सरकार ने मनरेगा में गड़बड़ी करने वाले ग्यारह कर्मियों को बर्खास्त किया। जिला और प्रखंड स्तर के एक सौ इक्कीस कर्मियों से मांगा गया स्पष्टीकरण।

04. और, मौसम विभाग ने अगले तीन दिनों तक राज्य के उत्तरी और पूर्वी हिस्सों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया। आज किशनगंज, कटिहार, भागलपुर और बांका में कुछ स्थानों पर भारी बारिश की चेतावनी।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।